अमर उजाला 02/12/2025

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दी जानकारी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के शिक्षकों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मुख्य शाखा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं करियर मार्गदर्शन विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने नई शिक्षा नीति की जानकारी दी। व्याख्यान का संचालन अंग्रेजी विभाग की सह-प्राध्यापक डॉ. कमलेश कुमारी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति सौरोत ने किया। स्कूल प्रधानाचार्य रमेश गोयल और अध्यापक अजय धीमान ने उपयोगी व्याख्यान के लिए वक्ताओं का आभार जताया। वहीं, कॉलेज के करियर काउंसलिंग सेल की ओर से स्वस्थ जीवनशैली के लिए नेत्र-देखभाल सुझाव विषय पर ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। संवाद